# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

## Guru Jambheshwar University, Moradabad

*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*

**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**


पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3239 दिनांक : 23.12.2025

## कार्यालय ज्ञाप

कृपया विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप सं0: गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3168 दिनांक 17.12.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मुख्य परीक्षा वर्ष 2025–2026 के एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर तथा स्नातकोत्तर स्तर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्गत की गयी थी।

मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 23.12.2025 के अनुपालन में एतदद्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि गुरू जम्भेश्वर विश्विद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा वर्ष 2025–2026 के एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर तथा स्नातकोत्तर स्तर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा के फार्म भरे जाने हेतु तिथियां निम्नवत् विस्तारित की जाती हैः–

1. कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि – 17.12.2025
2. छात्र / छात्राओं द्वारा कोर्स सेलेक्शन / परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि – 26.12.2025
3. छात्र / छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि – 27.12.2025
4. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि – 28.12.2025

कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की बेबसाईट **gjum.samarth.ac.in** एवं **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** पर उपलब्ध होंगे। छात्र / छात्रायें नामांकन संख्या (Enrollment No.) अपने महाविद्यालय से संपर्क कर प्राप्त करेंगे। समस्त अर्ह छात्र / छात्रायें सावधानीपूर्वक कोर्स सेलेक्शन कर परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक भरकर अपने महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। छात्र / छात्रायें निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग इत्यादि माध्यम से जमा कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों / विषयों के अन्तर्गत लिया जाने वाला विकास शुल्क रू0 500 / –समर्थ टीम द्वारा ऑनलाईन लिये जाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने के कारण सम्बन्धित अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा अपने छात्रों से एकत्र कर एकमुश्त बैंक ड्राफ्ट (जो वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के पदनाम से देय हो) के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या यह सुनिश्चित कर लें कि उनके महाविद्यालय में जिन पाठ्यक्रमों / विषयों की मान्यता सत्र 2025–26 हेतु प्राप्त है, उन्हीं पाठ्यक्मों / विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा बिना मान्यता / सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यकमों / विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाता है तो इसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी होंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किये जाने के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्रों की सत्यापित सूची एवं विकास शुल्क का बैंक ड्राफ्ट, जो वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के पदनाम से देय होगा, दिनांक 29.12.2025 तक विश्वविद्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

समस्त महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर उसकी हार्ड कापी अपने पास सुरक्षित रखना आवश्यक है जिसकी आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय की मॉग पर प्रस्तुत करना होगा।

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं का निर्धारित तिथि तक सावधानीपूर्वक परीक्षा फार्म भरवाना एवं सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

23/12/25
(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—</u>

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया उपरोक्तानुसार अनुदानित महाविद्यालयों के बैंक ड्राफ्ट जमा कराने का कष्ट करें।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को अनुरोध सहित प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को नामांकन संख्या (Enrollment No.) प्रदान करते हुए अपने स्तर से भी छात्र/छात्राओं को सावधानीपूर्वक कोर्स सेलेक्शन करने एवं तदुपरान्त परीक्षा फार्म भरकर उनके महाविद्यालय में जमा करने हेतु सूचित करने तथा उनके महाविद्यालय में सत्र 2025–26 हेतु मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों/विषयों के परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने कष्ट करें।
5. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित/जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

03/12/25

परीक्षा नियंत्रक